# A

**CCE RF/RR**
**FULL SYLLABUS**

ಕರ್ನಾಟಕ ಶಾಲಾ ಪರೀಕ್ಷೆ ಮತ್ತು ಮೌಲ್ಯನಿರ್ಣಯ ಮಂಡಲಿ,
ಮಲ್ಲೇಶ್ವರಂ, ಬೆಂಗಳೂರು – 560 003

**KARNATAKA SCHOOL EXAMINATION AND ASSESSMENT BOARD,**
**MALLESHWARAM, BENGALURU – 560 003**

ಮಾರ್ಚ್/ಏಪ್ರಿಲ್ 2024 ರ ಪರೀಕ್ಷೆ - 1

**MARCH/APRIL 2024 EXAMINATION - 1**

ಮಾದರಿ ಉತ್ತರಗಳು

**MODEL ANSWERS**

ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : **60-H** Code No. : **60-H**

## ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ (NCERT)

## Subject : Third Language — HINDI (NCERT)

( ಶಾಲಾ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / ಶಾಲಾ ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ )

**( Regular Fresh / Regular Repeater )**

ದಿನಾಂಕ : 04. 04. 2024 ] [ ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 80
Date : 04. 04. 2024 ] [ Max. Marks : 80

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| I. | **निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार-चार विकल्प सुझाए गये हैं, उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर उसके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए :** $8 \times 1 = 8$ | |
| 1. | 'भय' शब्द का विलोम शब्द है –<br>(A) निर्भय (B) सुभय<br>(C) कुभय (D) डर<br>**उत्तर :** (A) निर्भय | 1 |
| 2. | 'टुकड़ा' शब्द का बहुवचन रूप है –<br>(A) टुकड़ा (B) टूट<br>(C) टुकड़ (D) टुकड़े<br>**उत्तर :** (D) टुकड़े | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | | अंक |
|---|---|---|---|
| 3. | 'आज़ादी' शब्द का पर्यायवाची शब्द है – | | |
| | (A) स्वतंत्रता | (B) परतंत्रता | |
| | (C) गणतंत्रता | (D) अतंत्रता | |
| | **उत्तर :** (A) स्वतंत्रता | | 1 |
| 4. | निम्न में से दीर्घ संधि का उदाहरण है – | | |
| | (A) चित्रांकन | (B) परोपकार | |
| | (C) प्रत्येक | (D) नि:शब्द | |
| | **उत्तर :** (A) चित्रांकन | | 1 |
| 5. | निम्न में से उपसर्गयुक्त शब्द है – | | |
| | (A) शक्तिशाली | (B) अज्ञात | |
| | (C) घबराहट | (D) चिंतनशील | |
| | **उत्तर :** (B) अज्ञात | | 1 |
| 6. | मुझे कर्नल से मिलना है। | | |
| | उपर्युक्त वाक्य में प्रयुक्त विराम चिह्न है – | | |
| | (A) अल्पविराम | (B) अर्धविराम | |
| | (C) पूर्ण विराम | (D) प्रश्नवाचक | |
| | **उत्तर :** (C) पूर्ण विराम | | 1 |
| 7. | ''पाप-पुण्य'' शब्द में समास है – | | |
| | (A) तत्पुरुष | (B) द्विगु | |
| | (C) द्वंद्व | (D) कर्मधारय | |
| | **उत्तर :** (C) द्वंद्व | | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 8. | 'आग बबूला होना' इस मुहावरे का अर्थ है –<br>(A) बहुत गुस्सा होना (B) बहुत आनंदित होना<br>(C) बहुत दु:खी होना (D) बहुत उदास होना<br>उत्तर : (A) बहुत गुस्सा होना | 1 |
| II. | **सही वाक्यांशों को जोड़कर लिखिए।** 4 × 1 = 4 | |
| | **अ** **ब** | |
| 9. | राजकपूर a) बादशाह | |
| 10. | मनुष्यता b) कंपनी बाग | |
| 11. | सुलेमान c) मैथिलीशरण गुप्त | |
| 12. | तोप d) हीरामन | |
| | e) कलकत्ता | |
| | f) बिहारी | |
| | g) करुणामय | |
| | उत्तर : | |
| 9. | d) हीरामन | 1 |
| 10. | c) मैथिलीशरण गुप्त | 1 |
| 11. | a) बादशाह | 1 |
| 12. | b) कंपनी बाग | 1 |
| III. | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक पूर्ण वाक्य में लिखिए :** 4 × 1 = 4 | |
| 13. | कलकत्ता वासियों के लिए कौन-सा दिन महत्वपूर्ण था ?<br>उत्तर : कलकत्ता वासियों के लिए 26 जनवरी, 1931 का दिन महत्वपूर्ण था। | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 14. | सुलेमान किन-किन के राजा और हाकिम थे ?<br>उत्तर : सुलेमान मानव जाति और सारे पशु-पक्षी के भी राजा और हाकिम थे। | 1 |
| 15. | श्रीकृष्ण ने द्रौपदी की लाज कैसे रखी ?<br>उत्तर : श्रीकृष्ण ने वस्त्र या साड़ी/चीर बढ़ाकर द्रौपदी की लाज रखी। | 1 |
| 16. | कवि के अनुसार मनुष्य के विवेक की पहचान कैसे होती है ?<br>उत्तर : कवि के अनुसार-''मनुष्य मात्र बंधु है''-<br>इस बात को समझने से मनुष्य के विवेक की पहचान होती है। | 1 |
| IV. | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो या तीन वाक्यों में लिखिए :**<br>8× 2 = 16 | |
| 17. | स्वतंत्रता दिवस की पुनरावृत्ति के दिन को अमर बनाने के लिए क्या-क्या तैयारियाँ की गयीं ?<br>उत्तर : * हर मकान पर झंडा फहराया गया था।<br>* मकानों को सजाया गया था।<br>* कलकत्ते के प्रत्येक भाग में झंडे लगाये गये थे। | 2 |
| 18. | तताँरा की तलवार के बारे में लोगों का क्या मत था ?<br>उत्तर : * उसमें दैवी शक्ति है।<br>* लकड़ी का होने पर भी उसमें अद्‌भुत शक्ति का होना मानते थे।<br>* तताँरा की तलवार में एक विलक्षण रहस्य है। | 2 |
| 19. | 'तीसरी कसम' फ़िल्म को कौन-कौन से पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है ?<br>उत्तर : * राष्ट्रपति स्वर्णपदक मिला<br>* बंगाल फ़िल्म जर्नलिस्ट एसोसिएशन द्वारा सर्वश्रेष्ठ फ़िल्म पुरस्कार<br>* मास्को फिल्म फेस्टिवल पुरस्कार | 2 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 20. | मीराबाई श्रीकृष्ण को पाने के लिए क्या-क्या कार्य करने को तैयार हैं ?<br>**उत्तर :** * चाकर बनने को तैयार हैं।<br>* बाग में काम करने के लिए तैयार हैं।<br>* ऊँचा-ऊँचा महल बनवाना चाहती हैं।<br>* तंग गली में कृष्ण की लीला को गाना चाहती हैं।<br>( उपरोक्त में से कोई 2-3 अंश ) | 2 |
| 21. | कंपनी बाग में रखी गयी तोप से क्या सीख मिलती है ?<br>**उत्तर :** * कितनी भी बड़ी हो तोप एक दिन तो उसका मुँह बंद होना ही है।<br>* मतलब यह है कि कोई कितना भी शक्तिशाली क्यों न हो एक दिन निष्प्रयोजक होता ही है। | 2 |
| 22. | ''विपदाओं से मुझे बचाओ, यह मेरी प्रार्थना नहीं''<br>इस पंक्ति के द्वारा कवि क्या कहना चाहते हैं ?<br>**उत्तर :** * कवि यह नहीं चाहते कि विपदाओं से भगवान मुझे बचायें।<br>* कवि चाहते हैं कि विपदाओं से मुझे भय न हो।<br>* विपदाओं की सामना करने का आत्मत्राण मिले। | 2 |
| 23. | हरिहर काका के भाइयों ने अपनी पत्नियों को क्या सीख दी थी ?<br>**अथवा**<br>हरिहर काका को महंत और अपने भाई एक ही श्रेणी में क्यों लगने लगे ?<br>**उत्तर :** * हरिहर काका की अच्छी तरह सेवा करें।<br>* समय पर उन्हें नाश्ता-खाना दें। | 2 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| | * किसी बात की तकलीफ़ न होने दें।<br>**अथवा**<br>* पहले महंत और पुजारी ज़मीन के लिए हरिहर काका को समझाते और धमकाते थे।<br>* बाद में भाई लोग भी वही काम करने लगे। | |
| 24. | पूरे घर में इफ़्फ़न को अपनी दादी से ही विशेष स्नेह क्यों था ?<br>**अथवा**<br>नयी कापियों और पुरानी पुस्तकों में से आती विशेष गंध से लेखक का बालमन क्यों उदास हो उठता था ?<br>**उत्तर :** * इफ़्फ़न की दादी ने कभी उसका दिल नहीं दुखाया।<br>* वह हर रात कहानियाँ सुनाती थी। इससे इफ़्फ़न को दादी से ही विशेष स्नेह था।<br>**अथवा**<br>* आगे की श्रेणी की मुश्किल पढ़ाई<br>* नये मास्टरों की मार-पीट का भय इन कारणों से नयी कापियों और पुरानी पुस्तकों से आती गंध से लेखक का बालमन उदास हो उठता था। | 2 |
| V. क)<br>25. | **निम्नलिखित के आशय स्पष्ट कीजिए :** 9 × 3 = 27<br>हुज़ूर ! यह तो जनशांति भंग हो जाने जैसा कुछ दीख रहा है।<br>**उत्तर :** * उपरोक्त वाक्य को अंतोन चेखव से लिखित गिरगिट-गद्य भाग से लिया गया है।<br>उपरोक्त वाक्य को सिपाही ने इंसपेक्टर ओचुमेलॉव से कहा।<br>* ख्यूक्रिन नामक सुनार को एक कुत्ते ने काटा। | |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| | * ख्यूक्रिन उसे पकड़कर चिल्ला रहा था।<br>* लोग इकट्ठे होने लगे थे।<br>* इसे देखकर सिपाही ने इंस्पेक्टर से ऐसा कहा।<br>आशय है कि भीड़ बढ़ने से शांति भंग हो सकती है अत: लोगों को उधर से हटाना है। | 3 |
| 26. | सभी क्रियाएँ इतनी गरिमापूर्ण ढंग से कीं कि उसकी हर भंगिमा से लगता था मानो जयजयवंती के सुर गूँज रहे हों।<br>**उत्तर :** * उपरोक्त वाक्य को ''पतझर में टूटी पत्तियाँ'' पाठ के 'झेन की देन' गद्य भाग से लिया गया है। लेखक हैं रवींद्र केलेकर<br>* लेखक के मित्र लेखक को 'टी-सेरेमनी' में ले गए। यह चाय पीने की एक विधि है। इसे चा-नो-यू कहते हैं।<br>* वहाँ चाजीन जिस प्रकार काम करते थे, उसे देखकर लेखक ने उपरोक्त बात कही है।<br>* यह प्रसंग बौद्ध दर्शन में वर्णित 'झेन' ध्यान पद्धति को याद दिलाता है जिसके कारण जापान के लोग कुछ चैन भरे पल पा रहे हैं। | 3 |
| 27. | खींच दो अपने खूँ से ज़मीं पर लकीर<br>इस तरफ़ आने पाए न रावण कोई<br>**उत्तर :** उपरोक्त वाक्यों को ''कर चले हम फ़िदा'' कविता से लिया गया है।<br>कवि हैं – कैफ़ी आज़मी<br>* जिस प्रकार रामायण में लक्ष्मण ने सीता की रक्षा के लिए बाण से एक लकीर खींचा है ताकि रावण उसे पार करके अंदर न आ सके। | 3 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| | * इसी प्रकार सैनिक कह रहे हैं कि –<br>तुम अपने खून से सरहद की एक लकीर खींचो, जिसको पार करके कोई शत्रु देश के अंदर न आ सके। | |
| ख)<br>28. | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए :**<br>निकोबार के लोग तताँरा को क्यों पसंद करते थे ? विवरण कीजिए।<br>**उत्तर :** * तताँरा एक नेक और मददगार व्यक्ति था।<br>* सदैव दूसरों की सहायता के लिए तत्पर रहता था।<br>* द्वीपवासियों की सेवा करना अपना कर्तव्य समझता था।<br>* मुसीबत के समय भागकर वहाँ पहुँच जाता था।<br>* त्यागमय व्यक्तित्व का था।<br>* इन कारणों से निकोबारी लोग तताँरा को पसंद करते थे। | 3 |
| 29. | बड़े भाई की स्वभावगत विशेषताओं का वर्णन कीजिए।<br>**उत्तर :** * बड़े भाई स्वभाव से अध्ययनशील थे।<br>* हरदम किताब खोले बैठे रहते।<br>* भवन की बुनियाद मज़बूत डालना चाहते थे।<br>* कभी-कभी तस्वीरें बनाते थे।<br>* एक ही शब्द या वाक्य को दस-बीस बार लिखते थे।<br>* जल्दबाजी से काम लेना पसंद नहीं करते थे।<br>* एक साल का काम दो साल में करने को तैयार थे।<br>* एक शेर को बार-बार सुंदर अक्षरों में नकल करते थे। | 3 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| | * कभी-कभी ऐसी शब्द रचना करते जिसमें कोई अर्थ नहीं होता।<br>(उपरोक्त में से कोई तीन-चार अंश) | |
| 30. | ''मीठी वाणी बोलने से सुख प्राप्त होता है।'' इस बात को कवि कबीर के अनुसार स्पष्ट कीजिए।<br>**उत्तर :** * कबीर मध्यकालीन हिंदी कवियों में महत्वपूर्ण स्थान पाये हैं।<br>* इनकी रचनाओं में मनुष्य के स्वभाव, रीति-नीति को सुधारने का प्रयास किया गया है।<br>* ऐसी बात बोलनी चाहिए जिससे मन का अहंकार शमन हो सके।<br>* उन बातों से अपने मन की भी शांति मिले<br>* दूसरों को भी सुख मिलना चाहिए।<br>* अत: कठोर बातों को नहीं कहनी चाहिए।<br>* हमेशा मीठी वाणी बोलनी चाहिए। | 3 |
| 31. | पावस ऋतु में प्रकृति में होनेवाले परिवर्तनों का वर्णन कीजिए।<br>**उत्तर :** * पावस ऋतु में प्रकृति का वर्णन ''पर्वत प्रदेश में पावस'' कविता में किया गया है।<br>* कवि हैं सुमित्रानंदन पंत<br>* निरंतर वर्षा से अंबर धरती पर पड़े जैसा लग रहा था।<br>* पर्वत परों के सहारे उड़ने की तरह दिख रहा था।<br>* सिर्फ झरनों की आवाज़ मात्र ही सुनाई दे रही थी।<br>* घने बादलों से अंधेरा छा गया था। | 3 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| | * शाल के वृक्ष भयभीत होकर ज़मीन में धँस गए थे।<br>* इंद्र प्रकृति में इंद्रजाल बिछा रखने की तरह परिवर्तित हो रहा था। | |
| 32. | **निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :**<br>कागद पर लिखत न बनत, कहत सँदेसु लजात।<br>कहिहै सबु तेरौ हियौ, मेरे हिय की बात।।<br>**उत्तर :** * कवि बिहारी इस दोहे में शृंगार रस भरकर नायक-नायिका के अनबोली संवादों का वर्णन कर रहे हैं।<br>* नायिका अपने नायक से कहती है कि –<br>मेरे मन की बातों को न कागज़ पर लिख सकूंगी, न ही बोल पाऊँगी। मेरे हृदय की बात तेरे हृदय ही बता सकता है।<br>* कवि ने इस दोहे के द्वारा यह स्पष्ट किया है कि प्रेम हृदय से संबंधित है। उसकी न कोई भाषा है, न ही बोली। | 3 |
| 33. | **गद्यांश का अनुवाद कन्नड या अंग्रेजी में कीजिए :**<br>लीलाधर मंडलोई का जन्म 1954 में हुआ। वे मूलत: कवि हैं। उनकी कविताओं में छत्तीसगढ़ के जनजीवन का सजीव चित्रण है।<br>**उत्तर :** ಕನ್ನಡ : ಲೀಲಾಧರ ಮಂಡಲೋಯಿ ಅವರ ಜನನ 1954 ರಲ್ಲಿ ಆಯಿತು. ಅವರು ಮೂಲತಃ ಕವಿ. ಅವರ ಕವಿತೆಗಳಲ್ಲಿ ಛತ್ತೀಸ್‌ಗಢದ ಜನಜೀವನದ ಸಜೀವ ಚಿತ್ರಣವಿದೆ.<br>English : Leeladhar Mandaloe was born on 1954. Basically he is a poet. His poems reflects the lively life of Chhattisgarh people. | 3 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| VI. | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पाँच-छः वाक्यों में लिखिए :** $2 \times 4 = 8$ | |
| 34. | वज़ीर अली एक जाँबाज़ सिपाही था, कैसे ? स्पष्ट कीजिए।<br>**अथवा**<br>वज़ीर अली कर्नल से कारतूस हासिल करने के प्रसंग का वर्णन कीजिए।<br>**उत्तर :** * वज़ीर अली का पात्र हबीब तनवीर द्वारा लिखित 'कारतूस' नामक एकांकी में आता है।<br>* नाटककार ने जिस प्रकार वज़ीर अली का चरित्र-चित्रण की है, उससे मालूम होता है कि वह एक जाँबाज़ सिपाही था।<br>* जाँबाज़ का मतलब है जान की बाज़ी लगानेवाला<br>* एकांकी में वज़ीर अली जान की बाज़ी लगाकर अपने उद्देश्य को पूरा करता है।<br>* वज़ीर अली खुद कहता है कि ''वज़ीर अली की गिरफ़्तारी बहुत मुश्किल है, क्योंकि वह एक जाँबाज़ सिपाही है।<br>* वज़ीर अली गोरखपुर के जंगलों में सालों से भटकता रहा लेकिन अंग्रेज़ों को नहीं पता हुआ।<br>* वज़ीर अली अंग्रेज़ों को देश से ही निकालना चाहता था।<br>* वज़ीर अली अकेला आकर कर्नल से दस कारतूस लेकर गया।<br>* वज़ीर अली ने कंपनी के वकील की हत्या की।<br>* वज़ीर अली अवध की गद्दी को फिर से हासिल करना चाहता था।<br>( उपरोक्त में से कोई 5-6 अंश )<br>**अथवा**<br>* वज़ीर अली के कर्नल से कारतूस हासिल करने का प्रसंग हबीब तनवीर दुवारा रचित ''कारतूस'' एकांकी में रोचक ढंग से चित्रित किया गया है। | 4 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| | * गोरखपुर के जंगलों में कर्नल कॉलिंज की सेना ने खेमे डाली थी। कर्नल के साथ एक लेफ्टिनेंट और सिपाही थे।<br>* वज़ीर अली को पकड़ना उनका उद्देश्य था लेकिन वह नहीं मिल रहा था। सालों से जंगलों में भटक रहा था।<br>* जब वे वज़ीर अली के बारे में बातें कर रहे थे, उसी समय एक घुड़सवार तेजी से आकर कर्नल से अकेले में मिलना चाहा।<br>* कर्नल से बातें करते समय उस सवार ने कहा कि वज़ीर अली की गिरफ़्तारी बहुत मुश्किल है। क्योंकि वह एक जाँबाज़ सिपाही है।<br>* इसके बाद सवार ने कर्नल से कारतूस माँगे। वज़ीर अली को गिरफ़्तार करने के लिए कर्नल ने सवार को दस कारतूस दिये।<br>* अंत में कर्नल ने सवार का नाम पूछा तो उसने उत्तर दिया– वज़ीर अली।<br>* इस प्रकार वज़ीर अली ने कर्नल से कारतूस हासिल की।<br>(उपरोक्त में से 5-6 अंश) | |
| 35. | **निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए :**<br>सौरभ फैला ..............................................<br>..............................................................<br>..............................................................<br>.............................................. गल गल।<br>**उत्तर :** सौरभ फैला विपुल धूप बन,<br>मृदुल मोम सा धुल रे मृदु तन;<br>दे प्रकाश का सिंधु अपरिमित,<br>तेरे जीवन का अणु गल–गल ! | 4 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| VII. 36. | **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** $1 \times 4 = 4$<br>स्काउट शिक्षा के द्वारा विद्यार्थी गण आत्मशासन की परिपाटी सीखते हैं। वे नि:स्वार्थ भाव से दूसरों की सहायता करना, स्वावलंबन, देशप्रेम, सेवा धर्म आदि उच्च आदर्शों को प्राप्त कर लेते हैं। स्काउट संस्था ऐसे-ऐसे खेल सिखाती है, जिनसे शारीरिक क्षमता तो आएगी, साथ ही बुद्धि भी तीव्र होती जाएगी। स्काउट लोगों से इस बात की शपथ ली जाती है कि ईश्वर, राजा और देश में भक्ति रखेंगे, कम-से-कम एक अच्छा कार्य प्रतिदिन अवश्य करेंगे और दूसरों को सहायता देने में सदैव तत्पर रहेंगे।<br>**प्रश्न :**<br>अ) स्काउट शिक्षा से विद्यार्थी गण किन-किन आदर्शों को प्राप्त कर सकते हैं ?<br>आ) स्काउट संस्था द्वारा सीखे जानेवाले खेलों से क्या-क्या लाभ हैं ?<br>इ) स्काउट में ली जानेवाली शपथ के बारे में लिखिए।<br>ई) स्काउट लोग सदैव किस काम के लिए तत्पर रहते हैं ? | |
| | **उत्तर :** अ) स्काउट शिक्षा से विद्यार्थी गण देशप्रेम, नि:स्वार्थ भाव से दूसरों की सहायता करना, स्वावलंबन, सेवाधर्म आदि आदर्शों को प्राप्त कर सकते हैं। | 1 |
| | **उत्तर :** आ) स्काउट संस्था द्वारा सीखे जानेवाले खेलों से शारीरिक क्षमता के साथ बुद्धि भी तीव्र होती है। | 1 |
| | **उत्तर :** इ) स्काउट लोगों से यह शपथ ली जाती है कि ईश्वर, राजा और देश में भक्ति रखेंगे।<br>एक अच्छा कार्य प्रतिदिन अवश्य करेंगे। | 1 |
| | **उत्तर :** ई) स्काउट लोग सदैव दूसरों को सहायता देने में तत्पर रहेंगे। | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| VIII. 37. | **दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 12 - 15 वाक्यों में किसी एक विषय के बारे में निबंध लिखिए :** 1 × 4 = 4<br>क) गणतंत्र दिवस<br>✳ प्रस्तावना<br>✳ गणतंत्र दिवस का महत्व<br>✳ आचरण<br>✳ उपसंहार<br>ख) पर्यावरण प्रदूषण<br>✳ प्रस्तावना<br>✳ कारण<br>✳ परिहारोपाय<br>✳ उपसंहार<br>ग) इंटरनेट<br>✳ प्रस्तावना<br>✳ लाभ<br>✳ हानि<br>✳ उपसंहार<br>**उत्तर :** ✳ प्रस्तावना 1<br>✳ विषय विस्तार 2<br>✳ उपसंहार 1 | 4 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| IX. | **निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए :** $1 \times 5 = 5$ | |
| 38. | उचित कारण देते हुए चार दिनों की छुट्टी के लिए अपने प्रधान अध्यापक को एक पत्र लिखिए।<br>**अथवा**<br>किताबें खरीदने के लिए अपने पिताजी से 1000/- रुपये माँगते हुए एक पत्र लिखिए।<br>**उत्तर :** व्यावहारिक पत्र :<br>✳ प्रेषक का पता और दिनांक $\frac{1}{2}$<br>✳ पत्र पानेवाले का पता $\frac{1}{2}$<br>✳ संबोधन $\frac{1}{2}$<br>✳ विषय $\frac{1}{2}$<br>✳ पत्र का कलेवर $2\frac{1}{2}$<br>✳ समाप्ति $\frac{1}{2}$<br>**अथवा**<br>पारिवारिक पत्र :<br>✳ प्रेषक का पता और दिनांक $\frac{1}{2}$<br>✳ संबोधन एवं अभिवादन 1<br>✳ पत्र का कलेवर $2\frac{1}{2}$<br>✳ समाप्ति $\frac{1}{2}$<br>✳ पत्र पानेवाले का पता $\frac{1}{2}$ | 5 |